पटना, रविवार 21 जुलाई 2024
सन्मार्ग
Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

# एमडीएम में कीड़ा मिलने पर स्कूली बच्चों ने किया हंगामा

### एनजीओ पर होगी कार्रवाई : बीईओ

**हाजीपुर/महनार/संवाददाता।** शक्ति एकता फाउंडेशन मिड डे मील में सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की थाली में परोसे जाने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता बच्चों की जान से खेलवाड़ कर रहा है। ताजा मामला वैशाली जिले के महनार प्रखंड स्थित वार्ड संख्या 21 मध्य विद्यालय देशराजपुर का है, जहां बच्चों की थाली के भोजन में कीड़े और सड़ा हुआ अंडा मिला। इसके बाद छात्राओं का गुस्सा भड़क उठा और जमकर बबाल किया। इस घटना की सूचना पाकर कुछ स्थानीय लोग भी जमा हो गए। घटना बीते शुक्रवार दोपहर की बताई गई है। घटना का वीडियो भी बनाकर वायरल किया गया। बच्चें यदि सड़े गले अंडे खाते तो स्वाभाविक है कि बीमार पड़ जाते। हालांकि, बच्चो और ग्रामीणों द्वारा विरोध किया तो आनन फानन में बीडीओ व बीईओ और साथ महनार थाने की पुलिस पहुंचकर अक्रोशित बच्चों को शांत कराया। हालांकि इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अहिल्या कुमारी और स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार झा ने खराब अंडे की बात को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बीईओ ने बताया कि स्कूल से मुझे किसी तरह की सूचना नहीं मिली थी। एसडीओ साहब द्वारा सूचना मिली तो स्कूल गए तो देखा गया कि अंडे और खाने में कीड़े निकलने के आरोप लगाते हुए कुछ स्थानीय और बच्चे स्कूल में हंगामा कर रहे थे। सूचना पर उसे स्कूल पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता जांच की तो कुछ अंडे सड़ा हुआ मिला था।

# लापता युवक का शव बरामद

### अल्वा कॉलोनी के निर्माणाधीन मकान से मिला शव

### मृतक की कलाई का कटा हुआ था नस

### उसके पास से डिस्पोजल की सूई भी मिली

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** राजधानी पटना से सटे फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अलवा कॉलोनी से पुलिस ने एक 22 वर्षीय युवक मो तमन्ना का शव बरामद किया है. शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटी रही।घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही उनका रो-रो कर बुरा हाल होने लगा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस का कहना है की प्रथम दृष्टि देखने से लगता है कि यह नशे का आदी था और उसने नशे के ओवरडोज के चलते अपना नस काट लिया। लोगों का कहना है कि मृतक की आंखें भी निकाल ली गई थी। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि मोहर्रम की रात अखाड़ा में रानीपुर के लड़कों से कुछ लोगों का विवाद हुआ था उसके बाद एक पत्रकार इमरान खान के मकान पर पत्थर बाजी भी किया गया। वहीं तीसरे दिन एक युवक की हत्या कर दी गई जिससे पूरे इलाके में एक बार फिर से भय और दहशत का माहौल हो गया है। पुलिस हर पहलू पर तहकीकात करने की बात कर रही है। लोगों ने बताया कि मकतुल मोहम्मद तमन्ना इलेक्ट्रिशियन घरों में वायरिंग बिजली बनाने का काम का काम करता था। शुक्रवार से लापता मोहम्मद तमन्ना का शव शनिवार सूबह अल्वा कॉलोनी के एक निर्माणाधीन मकान से मिलने के बाद लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर डेड बॉडी के पास ही सीरीज मिला है जिससे पुलिस को आशंका है कि इसका उपयोग नशे के लिए किया गया। मृतक मोहम्मद तमन्ना का हाथ का नस कटा हुआ था।

# युवक की पिटाई के बाद पुलिस पर हमला

### पूछताछ के बाद पांच गिरफ्तार लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** रामकृष्ण नगर में बीती रात चेन चोरी का आरोप लगा पीटे गये युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं भीड़ द्वारा थाना पर हमला मे लोगों के हाथ पिटे गए सहायक थाना प्रभारी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। भीड़ ने मौके पर पहुंची 112 की महिला सिपाही के साथ छेड़खानी करने के साथ उनका टैब छिन्ने का भी प्रयास किया था। इस कड़ी में भीड़ ने थाना पर हमला करते हुए थानाध्यक्ष एवं सहायक थानाध्यक्ष पर हमला बोल दिया था। इस बड़ी वारदात के बाद एसपी सिटी, डीएसपी सदर टू और दस थाना की पुलिस द्वारा की गई करवाई में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस के बयान पर एक दर्जन लोगों को नामजद करते हुए दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। हमलावर पुलिस को गाली देने के साथ साथ एक सांसद का नाम लेकर धौंस जमा रहे थे।

## गुरु ही कराते हैं ईश्वर से साक्षात्कार : योग गुरु स्वेतक

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर युवाओं और विशेष कर स्टूडेंटस के लिए योग गुरु श्वेतक आनंद ने एक वेबीनार को संबोधित करते हुए कहा कि इंसान को माता-पिता के आलावा जीवन के हर मोड़ पर हर क्षेत्र में सम्मान और अपने उज्जवल भविष्य की झलक अपने गुरु के मार्गदर्शन में ही मिलती है. उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान तो करना ही चाहिए गुरु के विचारों को अपने जीवन में उतार कर आगे बढ़ने से आपको कोई रोक नहीं सकता. जब कभी किसी भी मोड़ पर आप अपने आप को असहाय और निर्जीव की तरह महसूस करें तो अपने गुरु का ध्यान करें और अपने माता-पिता का ध्यान करें.उन्होंने कहा कि सबसे पहले गुरु माता पिता ही होता है.सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु के लिए समर्पित किया गया है. इस गुरु पूर्णिमा युवाओं को यह संकल्प लेना है कि हमें अपनी सनातन संस्कृति परंपरा को आगे ले जाना है और अपनी भारत की विविधता एकता के लिए अपना सब कुछ लगा देना है. लाखों युवाओं के आदर्श योग गुरु श्वेतक आनंद ने अपना संदेश देते हुए कहा कि सही मायने में गुरु ही शिष्यों को अज्ञानता से हटाकर ज्ञान की राह की ओर ले जाते हैं और इसी मार्ग में उनका ईश्वर से साक्षात्कार होता है।

## जिगर सरैया और आदित्य गढ़वी की नयी पेशकश डायमंड नी

**पटना/सं।** संगीत प्रेमियों को लुभाने के लिए सचिन-जिगर की बेहतरीन जोड़ी एक बार फिर शानदार वापसी कर रही हैं, अपने नए गीत डायमंड नी के साथ। पिछले साल खलासी के साथ चार्ट पर धूम मचाने वाले जिगर सरैया और आदित्य गढ़वी की मनमोहक आवाजों में यह नया ट्रैक आप सभी को बहुत पसंद आने वाला है। अगर आपको याद हो तो ओरी ने हाल ही में अंबानी की शादी के गाने की एक रील पोस्ट की थी, जो वायरल हो गई थी। नेटिजन्स बड़ी बेकरारी से पूछ रहे थे कि उन्हें यह गाना कहाँ मिलेगा? तो खुशखबरी यह है कि यह गाना अब आ गया है! समृद्ध गुजराती लोक संगीत को आधुनिक पॉप के साथ बड़ी ही खुबसूरती से मिश्रित करते हुए, डायमंड नी हमारे चारों ओर की साधारण पर अविस्मरणीय प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करने के बारे में है। यह जीवंत बिट्स और एक आकर्षक राग से सजा हुआ है। अपनी आवाज से इस रचना में जादू भरने वाले जिगर सरैया कहते हैं, पहली बार जब हमने यह राग सुना हम तभी समझ गए थे कि डायमंड नी बहुत खास है।

## रोजगार के लिए युवाओं को बनाया जायेगा हुनरमंद

**पटना/संवाददाता।** श्रीहरि ग्लोबल आईआईएसडी फाउंडेशन ने बिरला ओपन माइंड्स के सहयोग से व्यापक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और सहज रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न ई-गवर्नेंस ऑनलाइन सेवाओं की शुरुआत की। श्रीहरि ग्लोबल आईआईएसडी बिड़ला ओपन माइंड्स के सहयोग से 3 महीने में जॉब-रेडी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में विभिन्न फ्रेंचाइजी स्थानों पर व्यक्तियों को शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम उम्मीदवारों को सफल करियर के लिए नौकरी के लिए तैयार कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किए गए पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इन पाठ्यक्रमों में डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स, फील्ड तकनीशियन और कई अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं जो उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। श्रीहरि ग्लोबल आईआईएसडी के निदेशक डॉ. राहुल वर्मा ने कहा, "हम बिड़ला ओपन माइंड्स के सहयोग से इस नौकरी-तैयार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम को लांच करके रोमांचित हैं।"

## सावन में महावीर मन्दिर में 1000 भक्तों ने करायी रुद्राभिषेक की बुकिंग

### सुबह 5 से रात्रि 10 बजे तक होगा रुद्राभिषेक

**पटना/का.सं।** सावन महीने में महावीर मन्दिर में रुद्राभिषेक कराने के लिए भक्तों में खासा उत्साह है। अभी तक एक हजार भक्तों ने महावीर मन्दिर में रुद्राभिषेक कराने के लिए बुकिंग करायी है। सावन इस वर्ष 22 जुलाई सोमवारी से शुरू होकर 19 अगस्त सोमवारी को समाप्त हो रहा है। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि सावन के पावन महीने में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। महावीर मन्दिर में समुचित व्यवस्था के कारण भक्त यहाँ रुद्राभिषेक कराना चाहते हैं। महावीर मन्दिर में तीन शिवलिंग हैं। तीनों पर रुद्राभिषेक की व्यवस्था है। भूतल पर प्राचीन शिवलिंग है। प्रथम तल पर हनुमान जी के गर्भगृह के समीप और दूसरे तल पर शीशाबन्द शिवलिंग स्थापित हैं। भूतल और दूसरे तल पर स्थित शिवलिंग पर सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक एक-एक घंटे के स्लॉट में रुद्राभिषेक की बुकिंग होती है। जबकि प्रथम तल पर हनुमानजी के दोनों विग्रहों और राम दरबार वाले मुख्य गर्भगृह के समीप स्थित शिवलिंग पर दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एक-एक घंटे के स्लॉट में रुद्राभिषेक की बुकिंग की व्यवस्था है।

## दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन




**पटना/संवाददाता।** बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 34वें संस्करण का उद्घाटन शनिवार को स्थानीय होटल मौर्या में किया गया। 20 और 21 जुलाई को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. शांति रॉय, शिक्षाविद व लायंस क्लब ऑफ पटना हामोर्नी की अध्यक्ष बिधु रानी, शिक्षाविद व समाजसेविका डॉ. पूनम चौधरी, बुटिक्स ऑफ इंडिया की डायरेक्टर मीरा देवी अग्रवाल व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, राखी, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम इस बार ग्राहकों के लिए रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहाँ लेकर आए हैं। यहाँ ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में फेस्टिव सीजन के खास कलेक्शंस को शामिल किया गया है। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडो को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी।

**बिहार होटल्स लिमिटेड**
CIN : U55101BR1964PLC000737
पंजीकृत कार्यालयः साऊथ गाँधी मैदान, पटना-800001
दूरभाषः +91 612 2203040;
फैक्सः +91 612 2203060;
ईमेल : rajeev@maurya.com
बेवसाइटः www.maurya.com

**शेयरों का निवेशक शिक्षण एवं संरक्षण निधि में हस्तांतरण**

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के मद्देनजर, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा अधिसूचित, कंपनी के शेयरों, जिससे संबंधित लाभांश लगातार सात अथवा अधिक वर्षों से दावारहित है अथवा अभुक्त है, को कंपनी द्वारा भारत सरकार के निवेशक शिक्षण एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

जिन सदस्यों ने लगातार सात वर्षों के लिए यानी वित्त वर्ष 2016-17 से आगे अपने लाभांश का दावा नहीं किया/नकदीकरण नहीं कराया है वे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपने हस्ताक्षर के साथ एक पत्र भेज कर 25 अक्टूबर, 2024 तक अपने लाभांश का दावा कर सकते हैं, अन्यथा कंपनी नियमों में प्रदत्त प्रक्रिया के अनुसार 29 नवम्बर, 2024 तक ऐसे इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ में हस्तांतरण करने के लिए बाध्य होगी।

संबंधित सदस्यों तथा आईईपीएफ में हस्तांतरण के लिए शेयरों का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.maurya.com के 'Investor Relations' सेक्शन के अधीन उपलब्ध है। कंपनी द्वारा इन शेयरों को एक बार आईईपीएफ में हस्तांतरित किए जाने पर सिर्फ संबंधित सदस्यों द्वारा नियमों के अधीन नीचे उल्लेखित प्रक्रिया के जरिए आईईपीएफ प्राधिकारी से ऐसे शेयरों का दावा किया जा सकता है।

इस संबंध में संबंधित सदस्यों को कंपनी के साथ पंजीकृत उनके पते पर व्यक्तिगत पत्र भेज दिए गए हैं। इस संबंध में स्पष्टीकरण की आवश्यकता पड़ने पर rajeev.maurya.com पर ईमेल भेज कर अथवा दूरभाष सं. +91 9204780278 पर कॉल कर कंपनी से प्राप्त किया जा सकता है।

यह सूचना आईईपीएफ प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण तथा रिफंड) नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुपालन के तहत जारी की गई है।

**बिहार होटल्स लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**(बंशीधर सिंह)**
पूर्णकालिक निदेशक
दिनांकः 20.07.2024 डीआईएनः 00905021

## संगीता गोयल अध्यक्ष एवं अपर्णा भारती ने इनर व्हील पटलिपुत्र के सचिव का किया पदभार ग्रहण

**पटना/का.सं।** इनर व्हील क्लब ऑफ पटलिपुत्र के 39 पदस्थापन समारोह "अविरत" का आयोजन पटना के बंदर बगीचा स्थित होटल में धूमधाम से किया गया। इसमें संगीता गोयल अध्यक्ष एवं अपर्णा भारती ने सचिव का पदभार ग्रहण किया। इसके साथ हीं शीतु गाँधी उपाध्यक्ष, नीलांजना कोषाध्यक्ष , आईएसओ शालिनी पंसारी एवं संपादिका सुधा बिदासरिया ने वर्ष 2024-25 का पदभार संभाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पटना उच्च न्यायालय की अवकाश प्राप्त न्यायाधीश नीलू अग्रवाल ने क्लब के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब द्वारा जरूरतमंदों को पाँच व्हीलचेयर, 2 लैपटॉप, दस बच्चों को स्कूल बैग एवं शांति कुटीर की महिलाओं हेतु तीन माह का राशन दिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि क्लब हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए अग्रसर रहता है।

## बहू को गोली मारनेवाले ससुर व भतीजा गिरफ्तार

**नौबतपुर/संवाददाता।** नौबतपुर थानाक्षेत्र के जमलपुररा गांव में लालसा देवी नामक महिला को बालू हटाने के विवाद में चचेरे ससुर और भतीजे ने गोली मारकर घायल कर दिया था। घायल महिला का इलाज एम्स में चल रहा है। पुलिस ने कुछ ही घंटाके में आरोपी ससुर और भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान श्याम देव सिंह एवं जयराम कुमार के रूप में हुई है जो दोनों जमलपुरा के रहनेवाले हैं। उनके पास से एक देसी कट्टा एक कारतूस बरामद किया गया है।

## सोन नद में डूबने से युवक की मौत

**बिहटा/संवाददाता।** बिहटा थाना क्षेत्र के बिन्दौल गांव में शनिवार को सोन नदी किनारे शौच करने गया छात्र का पैर फिसलने से नदी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिन्दौल गांव निवासी मो मजीद अंसारी के पुत्र अली अंसारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद नदी से शव को बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज कर आगे की करवाई में जुट गयी बताया जाता है,की अली अंसारी सोन नदी के तरफ शौच करने गया था।इसी दौरान पैर फिसलने से नदी में गिर गया।पानी का तेज बहाव के कारण कुछ दूर तक चला गया।जब तक ग्रामीण डूबते हुए छात्र को बाहर निकाल पाते तबतक उसकी मौत हो गयी,घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी राज कुमार पांडे ने कहा की सोन नदी में डूबकर एक बच्चे की मौत होने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल शव को कब्जे में पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

# चोरों ने रेल ओवरहेड तार काटा

**पटना/संवाददाता।** बिहार में चोरी के अजीबो गरीब मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। चोर कभी टावर तो कभी रेल की पटरी उखाड़ कर ले भागते हैं! एक बार फिर चोरों का नया कारनामा सामने आया है। बेखौफ चोरों ने कॉपर कैटनरी बिजली तार काट कर फरार हो गए हैं। वहीं इस घटना की वजह. से रेल परिचालन घंटों बाधित रहा! जानकारी अनुसार पटना झाझा रेलखंड के फतुहा स्टेशन से महज दो सौ मीटर पश्चिम रेलवे ट्रैक के ऊपर लगे कॉपर कैटनरी बिजली तार को चोरों ने काट लिया। इसकी वजह से घंटों रेलसेवा बाधित रही। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की देर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। जानकारी मिलते ही फतुहा आरपीएफ की टीम ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में लग गयी। हालांकि टेक्निकल टीम को भी सूचना दे दी गयी। जिसके बाद दो घंटे कड़ी मेहनत के बाद ट्रेन परिचालन को सुचारू किया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी विनोद कुमार विश्वकर्मा ने दबे शब्दों में जानकारी दी की इस मामले को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चोरों के खोज में लगी है जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इस मामले में कटे तार को बरामद कर लिया गया है, तकनीकी अनुसंधान जारी है।

## खराब कानून व्यवस्था के खिलाफ सड़क पर उतरे महागठबंधन के कार्यकर्ता

**हाजीपुर/सं।** बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर हाजीपुर के सड़क पर महागठबंधन के नेताओं के द्वारा प्रतिरोध मार्च किया गया। इस मार्च में बिहार के कांग्रेस लेफ्ट और आरजेडी के कार्यकर्ता शामिल हुए। हाजीपुर के स्टेशन से महागठबंधन के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मार्च करते हुए वैशाली डीएम को अपना ज्ञापन सौंपा है। इस मार्च में महुआ विधायक मुकेश रोशन भी शामिल हुए।

**डाक विभाग**
कार्यपालक अभियंता (ई) का कार्यालय, डाक विद्युत प्रभाग, 13वीं मंजिल, योगायोग भवन, कोलकाता- 700012

**ई-निविदा प्रेस आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यपालक अभियंता (ई), डाक विद्युत प्रभाग, कोलकाता, पात्र ठेकेदारों से एनआईटी संख्या 54/ईई/पीडी/ केओएल/ एनआईटी/2024-25 के तहत **"मेघदूत भवन पटना, बिहार में राइजिंग मेन सिस्टम के पूर्ण प्रतिस्थापन और नवीनीकरण (द्वितीय मांग)"** के कार्य के लिए प्रतिशत दर पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। अनुमानित लागत: रु. 33,42,392/-, ईएमडी: रु. 66,848/-, कार्य पूरा करने समय: 90 दिन, तकनीकी और वित्तीय बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 30.07.2024 को सुबह 11:00 बजे तक और तकनीकी बोली खोलने की तिथि और समय: 31.07.2024 को दोपहर 12:30 बजे के बाद। विस्तृत निविदा सूचना, निविदा दस्तावेज, **शुद्धिपत्र** (यदि कोई हो) और अन्य अनुदेश वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** से डाउनलोड या ऑनलाइन देखे जा सकते हैं। आगे के स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 033-22120646 संपर्क करें।

**शुद्धिपत्र**

**"कोलकाता डाक क्षेत्र दक्षिण डिवीजन के अंतर्गत सरत बोस रोड पोस्ट ऑफिस में 1 नंबर 8 पैसेंजर लिफ्ट और 1 नंबर 5 पैसेंजर लिफ्ट की एसआईटीसी" कार्य के लिए** एनआईटी संख्या 18/ईई/पीईडी/केओएल/एनआईटी/2024-25 दिनांक 18.06.2024 बाबत ई-निविदा जमा करने और खोलने की तिथि और समय को निम्नानुसार बढ़ाया जाता है:-

**जमा करने की अंतिम तिथि और समय : 01.08.2024 को 11:00 बजे।**
**अंतिम तिथि एवं खुलने का समय : 02.08.2024 को 11:30 बजे।**

एनआईटी की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

**कार्यकारी अभियंता (ई)**

## एम्स में प्रसव पूर्व दुर्लभ बीमारियों के निदान की सुविधा शुरू

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** शनिवार को पटना एम्स में प्रसव पूर्व दुर्लभ बीमारियों के निदान की सुविधा का शुरूआत हुआ।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना मे दुर्लभ बीमारियों के लिए अपनी अत्याधुनिक प्रसवपूर्व निदान सुविधा का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रोफेसर डॉ। गोपाल कृष्ण पाल ने किया। एम्स निदेशक ने बताया कि इस सुविधा के शुरूआत से अब एम्स में पर प्रसव पहले दुर्लभ आनुवंशिक और जन्मजात स्थितियों की पहचान कर उसका इलाज करेगी।नव स्थापित सुविधा दुर्लभ बीमारियों की शीघ्र पहचान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सुविधा से हमारा उद्देश्य भावी माता-पिता के लिए समय पर बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। निदेशक डॉ। गोपाल कृष्ण पाल ने नवीन प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञ देखभाल के माध्यम से मातृ एवं भ्रूण स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए संस्थान के समर्पण पर प्रकाश डाला। आगे बताया की यह सुविधा नवीनतम नैदानिक उपकरणों से सुसज्जित है और प्रौद्योगिकी, जिसमें उन्नत आनुवंशिक परीक्षण, उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग और व्यापक परामर्श सेवाएँ शामिल हैं।

## कैंसर की रोकथाम के उपाय और टीका लगाने के लिए महिलाएं हों जागरूक : डॉ शांति

**पटना/का.सं।** पटना बीएमपी 5 के परिसर में शनिवार को रोटरी क्लब आफ चाणक्य के द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प?द्म श्री डॉ शांति राय थी। रोटरी क्लब आफ चाणक्य की अध्यक्षा डॉ विनीता त्रिवेदी ने बताया कि महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता की कमी रहती है और आज कल ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसलिए महिलाओं के बीच रोगों की जानकारी और रोकथाम के उपायों पर इस तरह के शिविर सह जागरूकता अभियान की आवश्यकता प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी बताया की इस तरह के कार्यक्रम पूरे साल भर चलाये जाएगे। इस अवसर पर डॉ विनीता त्रिवेदी ने परिसर में सेनेटरी पैड भेंडीग मशीन लगाने की घोषणा की। डॉ शांति राय ने महिलाओं में कैंसर के रोकथाम के उपाय और टीका लगाने के लिए उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया और कहा की 21 साल के बाद पैप टेस्ट अवश्य करायें। शिविर में उपस्थित पटना मोनोपॉजल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ कुमकुम सिन्हा ने महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। डॉ पूनम लाल ने ब्रेस्ट कैंसर पर प्रकाश डाला।

## आज होगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पटना/का.सं।** अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं भगवती प्रसाद केशरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से होगा। यह जानकारी शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने दिया। अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। इस शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ बी के अग्रवाल सहित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन मैतिन, डॉ सुनील अग्रवाल, आयुष विशेषज्ञ डॉ कन्हैया अग्रवाल सहित अनेक पैरामेडिकल स्टाफ भी रहेंगे।

## आपदा से बचाव व राहत कार्य की बैठक

**बाढ़/संवाददाता।** अनुमंडल सभागार में आपदा से बचाव और राहत कार्य के लिये आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शुभम कुमार ने कई निर्देश दिये। बैठक में गंगा नदी में बाढ़ आने की पूर्व तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई।

## एम्स पटना को पर्यावरण मंजूरी मिली

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना को इसके कैंपस और आवासीय सुविधाओं के प्रस्तावित विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति बिहार राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण द्वारा जारी की गई है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक, डॉ। (प्रो।) गोपाल कृष्ण पाल ने संस्थान को बिहार सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा मिली मंजूरी पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, "यह एम्स पटना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विस्तार न केवल हमारी चिकित्सा अवसंरचना को बढ़ाएगा, बल्कि हमारे कर्मचारियों और छात्रों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं भी प्रदान करेगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि विकास उच्चतम पर्यावरण मानकों के अनुसार हो।"

## बिहार आकर एक अपनापन महसूस होता है : विक्की कौशल

**पटना/का.सं।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल को देखने के लिए राजधानी पटना में युवाओं में जोश दिखा। इस दौरान हुस्न तेरा तौबा-तौबा गाने पर जब विक्की ने डांस किया तो डाकबंगला चौराहे मौजूद लोग उनके साथ थिरकने लगे। विक्की कौशल शनिवार को राजधानी कल्याण ज्वेलर्स के नये प्रतिष्ठान का उदघाटन कर रहे थे। निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे थे। विक्की के आने की खबर सुनकर उनके फैंस भी डाकबंगला पहुंच गए थे।विक्की ने बताया कि वे गैंग्स ऑफ वासेपुरह्व फिल्म की शूटिंग के समय पटना आए थे। उसके बाद आज आना हुआ है। बिहार से हमेशा प्यार मिला है। यहां आकर एक अपनापन सा महसूस होता है। फिल्म बैड न्यूज




का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी फिल्म आ गई है और काफी अच्छा लग रहा है। मेरी फिल्म को काफी प्यार मिल रहा है। बिहार के सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रहे हैं। यहां जितना प्यार मिल रहा है, उसी से बहुत खुशी मिल रही है। हाल ही में ही उनकी फिल्म बैड न्यूज रिलीज हुई है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचा रही है। अभिनेता ने पटना पहुंचते ही सबसे पहले बिहार के युवाओं से 'हाऊ इज द जोश' पूछा।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता– 700020. CIN नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजया झा/ प्रकाश झा/ पति प्रकाश झा, ए4/5एच, सेल सिटी, न्यू पुंदाग थाना जगन्नाथपुर, झारखंड, राँची– 834004/ LBRNI00004918531/ LBRNI00005260509 | फ्लैट नंबर डी4–डी9, 9वीं मंजिल, ब्लॉक नंबर डी4, वार्ड नंबर–43, राँची नगर निगम, गाँव पुंदाग, सेल सिटी, पुलिस स्टेशन जगन्नाथपुर, जिला राँची, झारखंड– 834004. (क्षेत्रफल सुपर बिल्ट अप एरिया 1550 वर्ग फीट, एक कार पार्किंग)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि–16.07.2024 | फरवरी 27, 2024 रु. 34,30,536/– | मधुबनी |
| 2. | सोनू कुमार/अमृता कुमारी/ पिता हरि विलाश सिंह, राजेंद्र नगर, पूर्वी चंपारण, जिला चंपारण, बिहार, मोतिहारी– 845401/ LBPTN00004755106 | फ्लैट नं. 2, सातवीं मंजिल, सूर्या अपार्टमेंट, सर्वे प्लॉट नं. 865, सर्किल नं. 6, होल्डिंग नं. 1154/609/52/72 (पुराना), होल्डिंग नं. 1154/609/72 (नया), थाना कोड नं. 267, जोन 5, वार्ड नं. 18 (पुराना) 28 (नया), मोहल्ला फ्रेजर रोड, पी.एस. कोतवाली, नगर निगम पटना, पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का क्षेत्राधिकार, उप और सदर रजिस्ट्री कार्यालय पटना, बिहार (क्षेत्रफल 1330 वर्ग फीट (एक हजार तीन सौ तीस वर्ग फीट))/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि–16.07.2024 | दिसंबर 27, 2023 रु. 54,74,812/– | मोतिहारी |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : जुलाई 20, 2024**
**स्थान : मधुबनी और मोतिहारी**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**